आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 10.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने आज छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल सदस्यों के साथ ही पंचायत और नगरीय निकाय प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत नवा रायपुर में "महावृक्षारोपण अभियान" का शुभारंभ किया।

3— केन्द्र सरकार ने पीएमश्री योजना के तहत तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की बावन शालाएं स्वीकृत की।

4— दंतेवाड़ा जिले में आज दो इनामी सहित तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।

केन्द्रीय वित्त आयोग—बैठक

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर पनगढ़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए विनिर्माण इकाइयों की स्थापना पर जोर देना होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते अधोसंरचना में अतिरिक्त व्यय भार आता है। उन्होंने कहा कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने केन्द्रीय वित्त आयोग से प्रदेश के विकास के लिए वित्तीय सहायता की मांग की।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भी राज्य की वित्तीय स्थिति और आवश्यकताओं के संबंध में आयोग के समक्ष अपनी बात रखी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के संबंध में एक प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहा है। आज हुई बैठक में केन्द्र सरकार के दो हजार सैंतालीस के विजन के बारे में बताया गया।

आज आयोग ने पंचायत, नगरीय निकाय और राजीनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा की। बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायतों के वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने के लिए केन्द्र से मांग की। वहीं, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों ने वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और वित्तीय प्रबंधन को सुधारने की मांग की।

गौरतलब है कि सोलहवें वित्त आयोग का दल कल शाम छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचा है। अपने छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान आयोग के सदस्य जगदलपुर का भी भ्रमण करेंगे।

मुख्यमंत्री–महावृक्षारोपण अभियान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत नवा रायपुर में "महावृक्षारोपण अभियान" का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीपल, नीम, हर्रा, बहेरा का पौधा रोपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की। अभियान में मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित स्कूली बच्चे, पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों तथा वन विभाग के अमले ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में करीब चार करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। राज्य के सभी जिलों में ग्राम और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया जाएगा।

इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के सेमली मोड़ वनमंडल परिक्षेत्र में ''एक पेड़ पेड़ मां के नाम'' अभियान तहत महावृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों–अधिकारियों और ग्रामीणों के द्वारा अपनी मां के नाम पर विभिन्न फलदार पौधे जैसे पीपल, बरगद आदि पौधों का रोपण किया।

उधर, सक्ती जिले में कल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत चार वृक्ष बेटियों के नाम पर पौधे लगाए जाएंगे।

वहीं, ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत दुर्ग जिले के प्रत्येक आांगनबाड़ी केन्द्र में पोषणवाटिका के साथ ही महिलाओं और बच्चो में पर्यावरण के प्रति जन–जागरूकता के लिए कल ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में पांच फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत देशभर में सितम्बर माह तक अस्सी करोड़ और मार्च दो हजार पच्चीस तक एक सौ चालीस करोड़  पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सुप्रीम कोर्ट–नीट यूजी

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस मामले की सुनवाई इस महीने की अट्ठारह तारीख तक के लिए स्थगित कर दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पार्टियों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपनी प्रतिक्रिया दाखिल करने में सक्षम बनाने के लिए स्थगन दिया।

शीर्ष अदालत में आज विवादास्पद नीट–यूजी–दो हजार चौबीस मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। इनमें पांच मई की परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिकाएं शामिल हैं। बुधवार को प्रस्तुत एक हलफनामे में, केंद्र ने कहा कि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी मद्रास से नीट–यूजी के परिणामों का व्यापक डेटा के विश्लेषण का अनुरोध किया था।

पीएमश्री योजना

केन्द्र सरकार ने पीएमश्री योजना के तहत तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की बावन शालाएं स्वीकृत की है। इसमें पहली से बारहवीं तक की सैंतालीस शालाएं और कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की पांच शालाएं शामिल हैं। इससे पहले प्रदेश में प्रथम चरण में दो सौ ग्यारह शालाओं को पीएमश्री योजना में शामिल किए जाने की स्वीकृति मिली थी। इस प्रकार राज्य में कुल दो सौ तिरसठ शालाओं को पीएमश्री योजना के अंतर्गत मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। प्रथम चरण में पीएमश्री योजना के तहत स्वीकृत शालाओं को अपग्रेड किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और गणित के लिए अत्याधुनिक लैब्स, खेल सुविधाएं और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पीएमश्री योजना का शुभारंभ उन्नीस फरवरी दो हजार चौबीस को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया था।

संपूर्णता अभियान

संपूर्णता अभियान के तहत कोंडागांव जिले के आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में स्वास्थ्य विभाग का प्रशिक्षण सह समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संपूर्णता अभियान उत्सव, स्टॉप डायरिया अभियान और शिशु संरक्षण माह पर चर्चा की गई। माकड़ी में संपूर्णता अभियान उत्सव के तहत आज से सड़सठ ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, महिला और बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, संपूर्णता अभियान के तहत नारायणपुर जिले के आकांक्षी ब्लॉक ओरछा अबूझमाड़ में शिविर लगाया गया। इसमें पैंसठ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही दस लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

नये कानून–जागरूकता

बीते एक जुलाई से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून प्रभावी हो गए हैं। इन नये कानूनों को लेकर छत्तीसगढ़ में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सूरजपुर में कलेक्टर रोहित ब्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे ने पत्रकारों को नए कानून के बारे में जानकारी दी।

वहीं, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में भी नवीन कानूनों के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस नियंत्रण कक्ष गौरेला में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और निकिता तिवारी ने नए कानूनों में किए गए प्रावधान और विशेषताओं के बारे में विस्तार से मीडिया को जानकारी दी।

उधर, नारायणपुर जिले में भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी पुलिस अधीक्षक शंकर लाल बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया और जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रेमचन्द्र शुक्ल ने पत्रकारों को नये कानूनों के बारे में बताया।

माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में आज तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से दो माओवादियों पर एक–एक लाख रूपए इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। ये सभी माओवादी कोंटा और कटेकल्याण एरिया में सक्रिय थे। आत्मसमर्पित इन सभी माओवादियों पर सड़क खोदने, पेड़ काटने और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव–घायल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। उनका इलाज राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री जूदेव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

मौसम

अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार एक मानसून द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, उरई, बलिया, आसनसोल, बगाति होते हुए उत्तर–पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।
वहीं, एक चक्रीय चक्रवाती घेरा ओडिशा के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में तेरह जुलाई से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में आज चालू वित्त वर्ष के लिए गठित वित्तीय समितियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।

– छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कंपनी का प्रबंध संचालक कार्यपालक निदेशक भीम सिंह कंवर को बनाया गया है।

– पुलिस ने बलौदाबाजार नगर में घटित तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक एक सौ उनसठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

– दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत दर्ज नहीं करने के आरोप में महासमुंद के कोमाखान थाने के टीआई को निलंबित कर दिया गया है।

– भिलाई के सिविक सेंटर में आयोजित ग्रांड एफपीओ मेले का उद्घाटन वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राम रणविजय सिंह, द्वारा किया गया।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आठ हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए नारायणपुर एसडीएम कार्यालय में पदस्थ एक क्लर्क को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>